**कार्यालय आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**ब्लॉक डी इन्द्रावती भवन**
**छत्तीसगढ़, नया रायपुर**

क्रमांक/प्रयास/91/2017–18/ 9414 नया रायपुर, दिनांक 30/11/2017

**संक्षिप्त विज्ञप्ति**

**प्रयास बालक/बालिका आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2018–19 में कक्षा 9वीं में प्रवेश की सूचना**

---000---

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत नक्सल प्रभावित जिलों के प्रतिभावान् विद्यार्थियों के उत्कृष्ठ एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ–साथ राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं वाणिज्य विषय से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। वर्ष 2018–19 से प्रयास बालक/बालिका आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं से प्रवेश दिया जाना हैं।

वर्ष 2018–19 में इन विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाना है। इस हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने एवं प्रवेश परीक्षा की तिथि निम्नानुसार है :–

**आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि** — **19.01.2018** (जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारी/ सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में)

**प्रवेश परीक्षा की तिथि** — **28.01.2018** (दिन रविवार, प्रातः 10.30 बजे, जिला स्तर पर)

इस हेतु आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइड www.tribal.cg.gov.in एवं जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

30/11/17

**(रीना बाबासाहेब कंगाले)**
**आयुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ़, रायपुर

**कार्यालय आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**ब्लॉक डी इन्द्रावती भवन**
**छत्तीसगढ़, नया रायपुर**

क्रमांक/प्रयास/91/2017–18/ 9415 नया रायपुर, दिनांक 30/11/2017

**विज्ञप्ति**

**प्रयास बालक/बालिका आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2018–19 में कक्षा 9वीं में प्रवेश की सूचना**

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत नक्सल प्रभावित जिलों के प्रतिभावान् विद्यार्थियों के उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ–साथ राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं वाणिज्य विषय से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। वर्ष 2018–19 से प्रयास बालक/बालिका आवासीय विद्यालय रायपुर एवं कांकेर कक्षा 9वीं से प्रवेश दिया जाना हैं।

वर्तमान में निम्नांकित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाना है :–

| क. | संस्था/जिला | सीट संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | बालक | बालिका | योग |
| 1 | प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डू रायपुर | 125 | . | 125 |
| 2 | प्रयास बालिका आवासीय विद्यालय, गुढ़ियारी रायपुर | . | 125 | 125 |
| 3 | फीडर प्रयास आवासीय विद्यालय, कांकेर | 75 | 50 | 125 |
| | योग | 200 | 175 | 375 |

**नोट :– सत्र 2018–19 से कक्षा 9वीं एवं 10वीं (फाउण्डेशन प्रयास) दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर, एवं बस्तर में प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित हे। यदि इन स्थानों पर कक्षा 9वीं प्रारंभ होता है, तो वहां के लिए विद्यार्थी इसी परीक्षा से चयनित किए जाएंगे।**

नक्सल प्रभावित **जिला सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया, जशपुर, जगदलपुर, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोंडागांव, कांकेर, राजनांदगांव, महासमुन्द, गरियाबंद, बालोद, धमतरी** (छ.ग.) के विद्यार्थी इस योजनांतर्गत आवेदन कर सकेंगेः–

**प्रवेश में आरक्षण** – अनुसूचित जनजाति हेतु 50%, अनुसूचित जाति हेतु 20%, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 20% एवं सामान्य वर्ग हेतु 10% सीट आरक्षित है।

**चयन हेतु मापदंड –**

1. चयन प्रवेश परीक्षा के मेरिट से किया जाएगा।
2. विद्यार्थी को नक्सल प्रभावित जिले का निवासी तथा नक्सल प्रभावित जिले की शाला से कक्षा 8वीं की परीक्षा न्यूनतम 60प्रतिशत अंक/बी ग्रेड से उत्तीर्ण होना चाहिए।
3. छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा घोषित अजा/अजजा/अपिव वर्ग का स्थाई जाति प्रमाण पत्र धारक हो।
4. नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित परिवार के बच्चों को सीधे प्रवेश दिया जाएगा, किन्तु इसके संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक का प्रमाण पत्र आवश्यक होगा।

**आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि** – **19.01.2018 (जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में)**

**प्रवेश परीक्षा की तिथि** – **28.01.2018 (दिन रविवार, प्रातः 10.30 बजे, जिला स्तर पर)**

**प्रश्न पत्र का पैटर्न :–** कक्षा 8वीं स्तर के प्रश्न होगें। प्रश्न पत्र में विज्ञान के 40, गणित के 40, सामाजिक विज्ञान के 10 एवं अंग्रेजी तथा हिन्दी के 10 प्रश्न होगें। इस प्रकार कुल 100 प्रश्न होंगे। प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे। सही उत्तर को विद्यार्थी द्वारा निर्धारित खाली स्थान पर स्वयं के हैण्डराइटिंग से लिखना होगा।

आवेदन पत्र एवं विस्तृत जानकारी हेतु जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास एवं विभाग के वेबसाइड www.tribal.cg.gov.in पर संपर्क करें।

30/11/17

**(रीना बाबासाहेब कंगाले)**
**आयुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ़, रायपुर

d:\ac (p)\prayas eoi 2018-19\praya 9th admi. 18-19.docx 3

**कार्यालय आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**ब्लॉक डी इन्द्रावती भवन**
**छत्तीसगढ़, नया रायपुर**

क्रमांक / प्रयास / 91 / 2017–18 / 9416 नया रायपुर, दिनांक 30/11/2017

प्रति,

**कलेक्टर,**
जिला–सरगुजा / बलरामपुर / कोरिया / जशपुर / जगदलपुर / कांकेर / नारायणपुर / बीजापुर / दंतेवाड़ा / सुकमा / कोंडागांव / राजनांदगांव / महासमुन्द / गरियाबंद / बालोद / धमतरी / (छ.ग.)

**विषय :–** प्रयास बालक / बालिका आवासीय विद्यालय, रायपुर एवं कांकेर में शैक्षणिक सत्र 2018–19 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु सूचना।

––000––

विषयानुसार लेख है कि विभाग द्वारा संचालित प्रयास बालक / बालिका आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2018–19 की कक्षा 9वीं में विद्यार्थियों के प्रवेश की कार्यवाही किया जाना है। प्रवेश हेतु सीट संख्या का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | संस्था / जिला | सीट संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | बालक | बालिका | योग |
| 1 | प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डू रायपुर | 125 | . | 125 |
| 2 | प्रयास बालिका आवासीय विद्यालय, गुढ़ियारी रायपुर | . | 125 | 125 |
| 3 | फीडर प्रयास आवासीय विद्यालय, कांकेर | 75 | 50 | 125 |
| | योग | 200 | 175 | 375 |

**नोट :– सत्र 2018–19 से कक्षा 9वीं एवं 10वीं (फाउण्डेशन प्रयास) दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर, एवं बस्तर में प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित हे। यदि इन स्थानों पर कक्षा 9वीं प्रारंभ होता है, तो वहां के लिए विद्यार्थी इसी परीक्षा से चयनित किए जाएंगे।**

**प्रवेश में आरक्षण –** अनुसूचित जनजाति हेतु 50%, अनुसूचित जाति हेतु 20%, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 20% एवं सामान्य वर्ग हेंतु 10% सीट आरक्षित है।

**चयन हेतु मापदंड –**

1. चयन प्रवेश परीक्षा के मेरिट से किया जाएगा।
2. विद्यार्थी को नक्सल प्रभावित जिले का निवासी तथा नक्सल प्रभावित जिले की शाला से कक्षा 8वीं की परीक्षा न्यूनतम 60प्रतिशत अंक / बी ग्रेड से उत्तीर्ण होना चाहिए।
3. छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा घोषित अजा / अजजा / अपिव वर्ग का स्थाई जाति प्रमाण पत्र धारक हो।
4. नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित परिवार के बच्चों को सीधे प्रवेश दिया जाएगा, किन्तु इसके संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक का प्रमाण पत्र आवश्यक होगा।

**टीप :– (1) नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित परिवार के बच्चों को सीधे प्रवेश दिया जाएगा, किन्तु इसके संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक का प्रमाण पत्र आवश्यक होगा। (2) नक्सल प्रभावित जिलों के कक्षा 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा हेतु पात्र होंगे।**

**आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि – 19.01.2018** (जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारी / सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में)

**प्रवेश परीक्षा की तिथि – 28.01.2018 (दिन रविवार, प्रातः 10.30 बजे, जिला स्तर पर)**

**परीक्षा केन्द्र का कोड एवं रोल नंबर आबंटन :–** प्रत्येक 16 जिला मुख्यालय हेतु निम्नानुसार कोड आबंटित किया गया है। सरगुजा–11, बलरामपुर–12, कोरिया–13, जशपुर–14, कांकेर–15, जगदलपुर–16, नारायणपुर–17, बीजापुर–18, दंतेवाड़ा–19, सुकमा–20, कोंडागांव–21, राजनांदगांव–22, महासमुन्द–23, गरियाबंद–24, बालोद–25 तथा धमतरी–26) मुख्यालय पर परीक्षा केन्द्र होगा। **(ये समस्त जिले नक्सल प्रभावित जिले घोषित है)**

**रोल नंबर हेतु :—** | | | | | | |

रोल नंबर हेतु 06 अंक का खाना है, जिसमें प्रथम 02 अंक जिले का कोड है। शेष 04 अंक विद्यार्थी का रोल नंबर दिया जाना है।

**प्रश्न पत्र का पैटर्न :—** कक्षा 8वीं स्तर के प्रश्न होगें। प्रश्न पत्र में विज्ञान के 40, गणित के 40, सामाजिक विज्ञान के 10 एवं अंग्रेजी तथा हिन्दी के 10 प्रश्न होगें। इस प्रकार कुल 100 प्रश्न होंगे। प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे। सही उत्तर को विद्यार्थी द्वारा निर्धारित खाली स्थान पर स्वयं के हैण्डराइटिंग से लिखना होगा।

**प्रश्न पत्र का वितरण :— प्रयास आवासीय विद्यालय (बालिका) गुढ़ियारी रायपुर से निर्धारित तिथि 25.01.2018 एवं 27.01.2018** को प्रश्न पत्र का वितरण किया जाएगा। अतः इस हेतु सील्ड प्रश्न पत्रों को प्राप्त करने हेतु एक जिम्मेदार कर्मचारी को अधिकृत पत्र के साथ एवं थैला/बैग लेकर भेजा जाए।

**प्रश्न पत्रों की सुरक्षा :—** संबंधित कर्मचारी प्रश्नपत्रों की प्राप्ति पश्चात् उसे सुरक्षा के साथ ले जाकर जिले के सहायक आयुक्त को सौपेंगे। सहायक आयुक्त द्वारा प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे एवं परीक्षा दिनांक को तीन लोगों के जिसमें विद्यार्थी/विद्यार्थी के पालक शामिल होगा के समक्ष खोला जाएगा।

**परीक्षा हेतु केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति :—** परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन हेतु कलेक्टर द्वारा प्रेक्षक, केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा। इसमें यह ध्यान रखा जाए कि नियुक्त किए जा रहे कर्मचारी का रिश्तेदार परीक्षा में **सम्मिलित नहीं** हो रहा हो। परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं का सीलबंद लिफाफा केन्द्राध्यक्ष द्वारा उसी दिन जिले के सहायक आयुक्त को सौपा जाएगा। सहायक आयुक्त द्वारा तत्काल मूल्यांकन करने के लिए मूल्यांकन केन्द्र के सहायक आयुक्त को सील बंद लिफाफा भेजने की व्यवस्था की जाएगी। मूल्यांकन केन्द्र रायपुर, दुर्ग, अंबिकापुर एवं जगदलपुर होगा।

**उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एवं जानकारी भेजा जाना :—** उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन निम्नांकित केन्द्रों पर होगा एवं इसके अंतर्गत शामिल जिले निम्नानुसार होंगे :—

| क्र. | मूल्यांकन केन्द्र | शामिल जिलें |
|---|---|---|
| 1 | प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डू, रायपुर | महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी |
| 2 | प्रयास बालिका आवासीय विद्यालय, गुढ़ियारी, रायपुर | कांकेर, बालोद |
| 3 | प्रयास आवासीय विद्यालय, दुर्ग | राजनांदगांव |
| 4 | प्रयास आवासीय विद्यालय, अंबिकापुर | सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया, जशपुर |
| 5 | प्रयास आवासीय विद्यालय, जगदलपुर | सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव एवं जगदलपुर |

सहायक आयुक्त द्वारा प्रयास स्कूल के प्राचार्य या जिसे वे उचित समझे मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी नियुक्त कर सकेंगे। मूल्यांकन हेतु एक मूल्यांकन समिति भी गठित की जाए। मूल्यांकन केन्द्र के जिले के सहायक आयुक्त मूल्यांकन को व्यवस्थित तरीके से पूर्ण कराकर जानकारी भेजने के लिए जिम्मेदार होंगे। मूल्यांकन पश्चात् जिलावार निम्नांकित प्रपत्र (एक्सल शीट में) जानकारी पर हस्ताक्षर पश्चात् सीलबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरकर्ता को उपलब्ध कराना होगा :—

| क्र. | विद्यार्थी का नाम | रोल नंबर | पिता का नाम | जाति/वर्ग | कक्षा 8वीं उत्तीर्ण किए शाला का नाम व जिला | निवासी जिला | कक्षा 8वीं का प्राप्तांक/ग्रेड | प्राक्चयन परीक्षा का प्राप्तांक | नक्सल पीड़ित परिवार है/नहीं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | | | | | | | | |

आयुक्त महोदय के अनुमोदन पश्चात् वर्गवार मेरिट सूची विभागीय वेबसाईट tribal.cg.gov.in पर अपलोड की जावेगी।

उक्रोक्तानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

30/11/17

**(रीना बाबा साहेब कंगाले)**
**आयुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ़, रायपुर
नया रायपुर, दिनांक 30/11/2017

पृ.क्रमांक/प्रयास/91/2017–18/ 9417

**प्रतिलिपिः–**

1. **सचिव,** छ.ग. शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, महानदी भवन, मंत्रालय नया रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. **सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास,** जिला– सरगुजा/बलरामपुर/कोरिया/जशपुर/जगदलपुर/नारायणपुर/बीजापुर/दंतेवाड़ा/सुकमा/कोंडागांव/कांकेर/राजनांदगांव/महासमुन्द/गरियाबंद/बालोद/धमतरी/(छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. **सहायक आयुक्त,** आदिवासी विकास, एवं मूल्यांकन केन्द्र जिला रायपुर, जगदलपुर, दुर्ग एवं अंबिकापुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. **प्रशासकीय अधिकारी**, प्रयास आवासीय बालक/बालिका विद्यालय रायपुर, बिलासपुर, कांकेर, जगदलपुर, दुर्ग एवं अंबिकापुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

30/11/17

**आयुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ़, रायपुर

# वर्ष 2018–19 में प्रयास बालक/बालिका आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु दिनांकवार कार्यवाही

| क. | कार्यक्रम का विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | राज्य मुख्यालय से प्रवेश की सूचना जारी किया जाना। | 30.11.2017 |
| 2 | जिला स्तर से योजना का प्रचार प्रसार हेतु विज्ञापन जारी करना एवं शालाओं तक जानकारी पहुंचाना। | 04.12.2017 से 08.12.2017 |
| 3. | विद्यार्थियों द्वारा भरे हुए आवेदन पत्र को विकासखंड शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि। | 10.01.2018 |
| 4. | मंडल संयोजक द्वारा प्रत्येक विकासखंड कार्यालय से समस्त आवेदनों को एकत्र कर सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि। | 12.01.2018 |
| 5. | सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों को जिलेवार सूची राज्य मुख्यालय को एक्सल शीट में भेजा जाना। (ई मेल/फैक्स द्वारा) | 15.01.2018 |
| 6. | सहायक आयुक्त द्वारा परीक्षा संचालक के संबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित करना जिसमें राजस्व अधिकारी को प्रेक्षक तथा प्राचार्य एवं शिक्षकों को केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक आदि नियुक्त किया जाना। | 16.01.2018 |
| 7. | सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास द्वारा परीक्षा केन्द्र का निर्धारण एवं प्रवेश पत्र तथा रोल नंबर जारी करना। समाचार पत्रों में सूचना प्रसारित करना। | 22.01.2018 |
| 8. | जिला से प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने हेतु जिम्मेदार कर्मचारी को प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू रायपुर से प्रातः 11.00बजे से सायं 4.00 बजे तक भेजना | 25.01.2018 एवं 27.01.2018 |
| 9. | जिला स्तर पर छात्र/छात्राओं का प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन। | 28.01.2018 (दिन रविवार) |
| 10. | जिले के सहायक आयुक्त द्वारा मूल्यांकन केन्द्र के सहायक आयुक्त को सील बंद उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराना। | 29.01.2018 |
| 11. | निर्धारित मूल्यांकन केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना। | 30.01.2018 से 05.02.2018 |
| 12. | मूल्यांकन के आधार पर परीक्षा परिणाम को एक्सल शीट में तैयार कर साफ्ट कॉपी एवं हार्ड कॉपी में राज्य मुख्यालय को भेजा जाना। | 06.02.2018 |
| 13. | मुख्यालय स्तर से वर्गवार मेरिट सूची जारी करना एवं वर्गवार मेरिट सूची को विद्यार्थियों को सूचित करने तथा प्रचार प्रसार करने हेतु जिला स्तर पर भेजा जाना तथा विभागीय वेबसाईड पर अपलोड करना। | 12.02.2018 |
| 14. | प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, रायपुर में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु अभिलेखों का परीक्षण एवं प्रवेश की कार्यवाही किया जाना। | पृथक से सूचित किया जावेगा |
| 15. | प्रयास बालिका आवासीय विद्यालय, रायपुर में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु अभिलेखों का परीक्षण एवं प्रवेश की कार्यवाही किया जाना। | पृथक से सूचित किया जावेगा |
| 16. | कक्षाएं प्रारंभ होने की तिथि। | 16.06.2018 |

30/11/17

आयुक्त

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

छत्तीसगढ़, रायपुर

## प्रयास बालक/बालिका आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र (2018–19) में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र

फोटो चस्पा करें

प्रति,

सहायक आयुक्त

आदिवासी विकास जिला ............................(छ.ग.)

रोल नंबर

1. छात्र/छात्रा का नाम (हिन्दी में) : ..............................
   (अंग्रेजी में) : ..............................
2. जन्मतिथि : ..............................
3. पिता का नाम : ..............................
   माता का नाम : ..............................
4. पूर्ण पता : ..............................
   ..............................
   ..............................
5. संस्था का नाम जहां कक्षा 8वीं में अध्ययनरत : ..............................
6. विद्यार्थी किस जिले का निवासी है : ..............................
   (इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
7. कक्षा 7वीं का प्राप्तांक (प्रतिशत या ग्रेड लिखे) : ..............................
   (कक्षा 7वीं उत्तीर्ण की अंक सूची संलग्न करें।)
8. कक्षा 8वीं का प्राप्तांक (प्रतिशत या ग्रेड लिखे) : ..............................
   (कक्षा 8वीं उत्तीर्ण की अंक सूची काउन्सलिंग के समय प्रस्तुत करें।)
9. जाति एवं वर्ग (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./सामा.) : ..............................
   (सक्षम अधिकारी का स्थाई जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें)
10. पिता का व्यवसाय (कृषि/मजदूरी/शासकीय नौकरी) : ..............................
    (यदि शासकीय सेवा में है, तो पद)
11. परिवार में कुल कृषि भूमि है (एकड में) : ..............................
12. जटिल/गंभीर बीमारी (यदि कोई हो तो) : ..............................
    (प्रवेश के समय मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।)
13. फोन/मोबाईल नंबर : ..............................
14. विद्यार्थी के आधार कार्ड का नम्बर : ..............................
    (सत्यापित प्रति संलग्न करें)
15. क्या विद्यार्थी का परिवार नक्सल हिंसा से पीड़ित है : ..............................
    (यदि हां तो पुलीस अधीक्षक का प्रमाण पत्र संलग्न करें)

**टीप : नक्सल प्रभावित जिले के कक्षा 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्र होंगे।**

**पालक/अभिभावक का हस्ताक्षर** **छात्र/छात्रा का हस्ताक्षर**

## प्रधानपाठक / प्राचार्य का सत्यापन

प्रमाणित किया जाता है कि श्री / कुमारी............................................. पिता.......................................................
वर्तमान में .................................................................................. विद्यालय के कक्षा .....................में अध्ययनरत है। विद्यार्थी द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सत्य एवं सही हैं।

प्राचार्य / प्रधानपाठक का
पदमुद्रा सहित हस्ताक्षर

---

## प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने हेतु प्रवेश पत्र—सत्र (2018—19)

श्री / कुमारी ......................................... पुत्र / पुत्री श्री ....................................................... को प्रयास आवासीय विद्यालय, रायपुर में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र ........................................... को रोल नं. .............................. आबंटित करते हुए परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाती है।

**दिनांक : ..................................**

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
जिला .....................(छ.ग.)

---

## आवेदन पत्र की पावती

श्री / कुमारी ......................................... पुत्र / पुत्री श्री ....................................................... का आवेदन पत्र प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्रवेश / चयन परीक्षा 2018—19 हेतु दिनांक ...................... को प्राप्त हुआ।

**दिनांक : ..................................**

हस्ताक्षर प्राप्तकर्ता एवं
पदनाम / पदमुद्रा